# अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज ने मनाई महर्षि कश्यप जयंती

## संगठन को मजबूत करने का आहवान, कार्यक्रम में दूरदराज से पहुंचे समाज के लोग

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 1 सितम्बर, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज द्वारा मऊगंज में महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से केसरवानी धर्मशाला मऊगंज में मनाई गई. मुख्य अतिथि के रूप में के के गुप्ता का माल्यार्पण व स्वागत किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि कश्यप जी की पूजा अर्चना से शुरू हुई वही समाज द्वारा विशाल शोभा यात्रा मऊगंज शहर में निकाली गई. कार्यक्रम समारोह में मुख्य अतिथि के के गुप्ता, कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष सुलेंद्र गुप्ता द्वारा की गई. महर्षि कश्यप जयंती में



उमड़ा जनसैलाब वैश्य समाज ने दिया एक जुटता का परिचय नवगठित जिला मऊगंज में इतना बड़ा वैश्य समाज का कार्यक्रम पहली बार किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, केसरवानी वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष सुलेंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय वशिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर लाल केशरवानी उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, प्रयागराज दिनेश केसरवानी, विजय केशरवानी प्रयागराज भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता (सिंगरौली), लालचंद गुप्ता व्यापारी संघ अध्यक्ष सीधी, दिनेश गुप्ता वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष सीधी, नगर परिषद अध्यक्ष हनुमना आशुतोष गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष नईगढ़ी श्रीमती नागिता गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष बैकुंठपुर श्रीमती मीना गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलजा गुप्ता, महिला इकाई नगर अध्यक्ष श्रीमती इंदु गुप्ता, खरीफ समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष तीरथ प्रसाद गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता, डॉ प्रमोद गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष समाज मऊगंज, दिनेश गुप्ता संतोष गुप्ता (एजेंसी) सत्यनारायण गुप्ता, जवाहरलाल गुप्ता रामपाल गुप्ता राजेंद्र गुप्ता मानिक लाल गुप्ता ओमप्रकाश गुप्ता भारत गुप्ता निलेश गुप्ता दीपू गुप्ता अनीश गुप्ता कन्हैयालाल गुप्ता रामायण गुप्ता मोहित गुप्ता रवि गुप्ता रमेश गुप्ता मनीष गुप्ता बैजनाथ गुप्ता प्रमोद गुप्ता मुन्ना गुप्ता अशोक गुप्ता संजय गुप्ता विक्रम गुप्ता जितेंद्र गुप्ता सुमित गुप्ता (हनुमना), लवकुश गुप्ता, पीयूष गुप्ता,मुन्ना भैया (खटखरी), प्रदीप केसरी हरि श्याम गुप्ता नई गढी के साथ सैकड़ो समाज के लोगों का आगमन हुआ साथ में नईगढ़ी, प्रतापगंज से सुरेंद्र गुप्ता के साथ कई लोगों का भी आगमन हुआ.



# लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी गौशाला में नहीं है बोरिंग

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 1 सितम्बर, रीवा जिले के जनपद पंचायत रीवा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरगी में संचालित गौशाला में मवेशियों को पानी पिलाने के लिए मोटर पंप की व्यवस्था नहीं है जो की शासन द्वारा संचालित गौशालाओं में बोर करवाने का भी बजट दिया गया था.**

लेकिन कागजों में तो बोर है लेकिन जमीनी स्थल पर नहीं है. ग्रामीणों के अनुसार गौशाला से जो गोबर निकलता है वह गौशाला के जस्ट बाहर फेंका जाता है और उसी के नीचे तालाब है. बारिश में जब पानी बरसता है तो पूरा गोबर तालाब में बहता है और उसी पानी को मवेशियों को पिलाया जाता है. गौशाला के बाहर मवेशियों के कंकाल भी मिले हैं. जिससे साफ सिद्ध होता है की गौशाला के अंदर मवेशियों की मृत्यु भी होती है कई ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला से बाहर फेंक हुए कंकाल को लोग ऑटो से ले जाते हैं और कई कंकाल अभी भी मौके पर पड़े हुए हैं. जब इस संबंध में गौशाला का संचालन करने वाले वेदिका स्व सहायता समूह के संचालक से बात हुई तो उनके द्वारा बताया गया की गौशाला के अंदर इतने मवेशी हैं उनका मृत्यु होना तो निश्चित है और रही बात गोबर फेंकने की तो वहां पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं बनाई गई है. इसलिए गोबर गौशाला के बाहर फेंका जाता है और अभी तक गौशाला के अंदर लगभग 100 के आसपास मवेशी पंजीकृत हैं.

# मैनेजिंग कमेटी में रीवा के अरुण शुक्ला भी शामिल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 सितम्बर, म.प्र. क्रिकेट संगठन का निविरोध निर्वाचन संपन्न हुआ महान आर्यमन सिंधिया को अध्यक्ष, विनीत सेठिया को उपाध्यक्ष, सुधीर असनानी को सचिव, अरूधंती किरकिरे को सहसचिव तथा संजीव दुआ को कोषाध्यक्ष चुना गया है. मैनेजिंग कमेटी में अरूण शुक्ला सह सचिव रीवा संभाग क्रिकेट एसोशियेशन को शामिल किया गया है.**

अरूण शुक्ला के मैनेजिंग कमेटी में शामिल किये जाने पर नागेन्द्र सिंह विधायक गुढ, रीवा डिवीजन के अध्यक्ष राजीव खन्ना, उपाध्यक्ष दीपक कपूर, संजय सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, सचिव कमल कक्का, कोषाध्यक्ष हैज सिददकी, सहसचिव देवेश



शुक्ला, सतना, सिंगरौली, सीधी, मउगंज, मैहर के अध्यक्ष एवं सचिव सहित रीवा संभाग के वरिष्ठ खिलाडी अनुराग सेठी, प्रभाकर सिंह, शैलन्द्र पाण्डेय, अजय मिश्रा मामा, सुधाकर शुक्ला, शकील खान, अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी ईश्वर पाण्डेय, मोहनीश मिश्रा, जफर अली, आनंद सिंह, अनुराग सिंह, महेन्द्र सिंह, विजय बाजपेई, विवके वर्मा, कमलेश शुक्ला, संतोष सिंह, संजीव मिश्रा, धीरेन्द्र शुक्ला, जीतेन्द्र गुप्ता, खुदाबख्श, प्रदीप शुक्ला, नन्हे सिंह, रोहित सिंह, एवं समस्त आरडीसीए के सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है.

# विपणन संघ केंद्र गुढ़ में खाद लेने किसानों की उमड़ी भीड़

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 1 सितम्बर, डबल लाक विपणन केंद्र गुढ़ में खाद लेने पहुंचे किसानों की भीड़ को देखते हुए मौके पर व्यवस्था बनाने नायब तहसीलदार महिमा पाठक एवं गुढ़ थाना की पुलिस पहुंची.**

कल रात से ही खाद के लिए किसान विपणन केंद्र के सामने डेरा जमा लिए थे और सुबह होते ही किसानों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई. किसानों की सुविधा के लिए नायब तहसीलदार ने प्रशासनिक व्यवस्था बनाते हुए पंडाल एवं पानी टैंकर की व्यवस्था करवाया गया है और लगातार किसानों को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगे रहने का आग्रह किया जा रहा है विपणन केंद्र में इस तरह की भीड़ देखी जा रही है जैसे महाकुंभ में प्रयागराज में भीड़ एकत्रित हुई थी नायब तहसीलदार के साथ पुलिस भी व्यवस्था बनाने में जुटी हुई है. लोगों का कहना है कि इस तरह खाद के लिए मारामारी कभी नहीं देखी गई जिस तरह इस साल देखी जा रही है हर जगह यही चर्चा है कि यह शासन प्रशासन की नाकामी है जिससे क्षेत्र के किसान खाद के लिए दिन-रात एक कर दिए.



गोद लिये गांव खजुआ में चौपाल की समस्या सुनते अधिकारी

# समरसता स्नेह यात्रा भारत रक्षा मंच की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 1 सितम्बर, समरसता स्नेह यात्रा का शंखनाद मनिकवार से जिला संयोजक मऊगंज राजकुमार गुप्ता के साथ पूरे टीम के सहयोग से हुआ.**

भारत रक्षा मंच मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय संगठन महिला प्रमुख डॉ सरोज सोनी उनके साथ सुशीला गुप्ता स्थानीय सज्जन शक्ति मातृशक्ति युवा शक्ति के साथ संजीव गुप्ता, रामू सोनी, प्रकाश सिंह



गहरवार, सूरज वर्मा, राम सजीवन, अनिल गुप्ता आदि सभी व्यक्तियों के सामाजिक लोगो की उपस्थिति रही. बैठक में मुख्य रूप से एनआरसी, अवैध घुसपैठ एवं जिहाद के विषय पर चर्चा कर लोगों को जागरूक किया गया और हिंदुओं को एकजुट रहने का संदेश भी दिया गया. यात्रा का अगला पडाव देवतालाब में संजय सोनी, डा आनंद साहू, कैलाश साहू आदि के सानिध्य में संपन्न हुआ. समापन मऊगंज में आशा बहन के संयोजन में संपन्न हुआ. मऊगंज महिला जिला उपाध्यक्ष के तौर पर नई जिम्मेदारी मातृशक्ति को दी गई एवं मऊगंज जिले के उपाध्यक्ष रूप में देवेंद्र सिंहको नई जिम्मेदारी दी गई. कमलेश्वर सिंह परिहार को जिला संपर्क प्रमुख का दायित्व दिया गया. अभय साहू को चार गांव का युवा संयोजक बनाया गया. इसी तरह अन्य को दायित्व सौपा गया.

# समर्थन मूल्य पर धान का पंजीयन 15 से 10 अक्टूबर तक

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 1 सितम्बर, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान का पंजीयन 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक किया जायेगा.**

कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि निःशुल्क पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा तहसील में स्थापित सुविधा केन्द्रों के साथ ही सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित केन्द्रों में किया जायेगा. जबकि सशुल्क पंजीयन एमपी आनलाइन कियोस्क, कामन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र व निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबार कैफे से किया जा सकता है. कलेक्टर ने बताया कि पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था अन्तर्गत 50 रूपये से अधिक का शुल्क नहीं लिया जाय.

जिले के किसान भाइयों से अपील की गई है कि समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज (ज्वार, बाजरा) के विक्रय के लिये अपना पंजीयन निर्धारित तिथि तक करा सकते हैं जो किसान पंजीयन नही करायेंगे वह अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय नहीं कर सकेंगे.

**वन अधिकार समिति की बैठक 3 को**-मऊगंज जिले में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गयी है. बैठक में वन मण्डलाधिकारी, सीईओ जिला पंचायत, सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित अधिकारी मौजूद रहे.

# पुलिस प्रशिक्षण शाला ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 सितम्बर, मिशन कर्मयोगी के तहत पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में 93 वां नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण आंतरिक प्रशिक्षण में आंतरिक कक्षाओं के समापन के पश्चात पीटीएस रीवा के द्वारा रीवा जिले के गोद लिए गए गांव में चौपाल लगाई गई.**

आठ गांवों में से ग्राम-7 खजुहा ग्राम-8 टीकर में आज ग्राम भ्रमण कर, ग्राम चौपाल आयोजित की गई. जिसमें ग्राम के संबंध में निर्धारित फॉर्म के माध्यम से 27 बिंदुओं में जानकारी एकत्रित की गई. ग्राम-खजुहा कला में टोली नंबर- 7 के प्रशिक्षु मैंटर/ट्युटर गार्जियन उपनिरीक्षक जितेंद्र खटिक व ड्रिल इंस्ट्रक्टर सहायक उपनिरीक्षक कमलेश रावत एवं ग्राम टीकर में टोली नंबर -8 के प्रशिक्षु, मेंटर/ट्यूटर गार्जियन निरीक्षक रीना सिंह व ड्रिल इंस्ट्रक्टर राजेश कोल के द्वारा ग्राम भ्रमण किया गया. ग्राम चौपाल के दौरान सरपंच प्रेस रिपोर्टर पूर्व जनपद सदस्य, प्रधान अध्यापक, के हाथों से पीटीएस ट्री बैंक से ले जाए गए नि:शुल्क पौधों का शास0 माध्यमिक विद्यालय और मंदिर के पास में वृक्षारोपण करवाया गया एवं ग्रामीणों के साथ बैठकर चर्चा की गई. उनसे विभिन्न प्रकार की जानकारियां एकत्रित की गई, उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए उचित विभागों को सूचित कर उनका निराकरण करवाने के आश्वासन दिए गए. इसके साथ ही चौपाल में एकत्रित बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों को -नवीन आपातकालीन नंबर 112 ,यातायात नियमों, राहवीर योजना, महिला संबंधी अपराधों, बालको से संबंधित अपराधों, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा एवं करियर संबंधी विषयों पर जानकारी दी गई एवं बच्चों से दी गई जानकारी के विषय में सवाल पूछे गए एवं जवाब बताने पर तालियों के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया. प्रशिक्षणार्थियों को सामुदायिक पुलिसिंग, संवाद कौशल, जनता के साथ व्यवहार, जनता के साथ संवाद, इनफॉरमेशन व ऑब्जरवेशन नोटबुक इत्यादि के संबंध में व्यवहारिक ज्ञान दिया गया.

# कानून व्यवस्था पहली प्राथमिकता

## शत प्रतिशत जरूरतमंदों को लाभ दिलाना पहली प्राथमिकता

नवभारत न्यूज

**सिरमौर 1 सितम्बर, नवागत एसडीएम सिरमौर ने बताया कि मैं 2023 बैच की आईएएस दृष्टि जायसवाल मूलत: गोरखपुर उत्तर प्रदेश की निवासी हैं एवं 2023 बैच की आईएएस अफसर हैं।**

श्रीमती जायसवाल ने अपनी प्राथमिकताओं के संबंध में बताया कि शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए लायन आर्डर को मेंटेन करना, शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराकर शत



प्रतिशत जरूरतमंदों को लाभ दिलाना मेरी पहली मेरी पहली प्राथमिकता हैं एवं शासन की नीतियों का पालन करवाना जनसुनवाई का क्रियान्वयन सुचारू रूप से कराकर व समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करना है।

# सीसीटीव्ही कैमरा के मैकेनिक के साथ 25 हजार रुपए की लूटपाट

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 01 सितम्बर। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के शासकीय आईटीआई कॉलेज के सामने एक सीसीटीव्ही कैमरा के मैकेनिक के साथ पल्सर बाईक सवार दो अज्ञात नशेड़ी युवको ने धक्का-मुक्की एवं मारीट कर डरा-धमाते हुये पर्स से 25 हजार रूपये लूट कर फरार हो गये। पीड़ित मैकेनिक रामबिलास शाह ने घटना की लिखित रिपोर्ट कोतवाली में आज दिया है। हालांकि आरोप है कि पुलिस उक्त सनसनी खेज लूटपाट को गंभीरता से नही ली है। हालांकि कोतवाली टीआई के संज्ञान में यह मामला नही था। जैसे ही देर शाम जानकारी हुई, रिपोर्ट की खोजबीन कराने में लग गई।**

घटना के संबंध में पीड़ित मैकेनिक रामबिलास शाह पिता रामलाल शाह निवासी अमिलिया थाना माड़ा ने बताया कि बीते दिन कल 30 अगस्त को आईटीआई कॉलेज पचौर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे को चेक करके वापस लौट रहा था, तभी आईटीआई कॉलेज गेट पर जैसे

> कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के आईटीआई कॉलेज पचौर के सामने की वारदात

ही मैं खड़ा था, इतने में दो अज्ञात युवक पल्सर मोटरसाइकिल से आये और स्मैक हेरोईन पीने के लिए रकम मांगने लगे।

रकम देने से मना कर दिया और रकम की कमी पर असमर्थतथा जताते हुये कहा कि मेरे पास पैसा नही है। ऑफिस चलो वहां रकम ले लेना। यह कह कर उक्त लोगों ने बचना चाहता था, परंतु आरोपियों ने एक भी बात नही मानी और मेरे स्कूटी की चाभी छिनने लगे। मना करने पर दोनों मिलकर मारपीट करने लगे, और हाथ मरोड़कर जेब से पर्स छीन लिया। पर्स में करीब 25 हजार रूपये नकद लूट ली। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुये स्कूटी भी लूटने की कोशिश की और जाते-जाते धमका कर गये कि यदि पुलिस में शिकायत किये तो जब यहां कभी आओंगे तो, कभी वापस घर नही जा पाओगे। पीड़ित ने यह भी बताया कि चूकी सीसीटीव्ही कैमरा रिपेयर का कार्य करता हूँ और रोजाना कहीं न कहीं रिपेयर करना जाना पड़ता है। ऐसे में उक्त लुटेरों से खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने एसपी के साथ-साथ कोतवाली पुलिस से आरोपियों की धरपकड़ कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

### लूटपाट की घटना, लीपापोती करने की कवायद

कोतवाली क्षेत्र बैढ़न ईलाके में अपराधो में लगातार वृद्धि हो रही है। कोतवाली की लचर व्यवस्था का फायदा अराजक एवं असामाजिक तत्व अवैध कारोबारी खूब उठा रहे हैं। ताजा मामला आईटीआई पचौर प्रवेश द्वार के सामने का है। जहां सीसीटीव्ही कैमरा मैकेनिक के साथ मारपीट व लूटपाट की घटना को पुलिस गंभीरता से नही ले रही है, बल्कि उक्त मामले में लीपापोती करने का प्रयास कर रही है। इसके पीछे कारण यही है कि यदि आरोप सत्य हुआ तो पुलिस की नाकामी मानी जाएगी और अपने इस नाकामी को छुपाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

# अस्पताल की सच्चाई दिखाना पड़ा भारी, मीडिया कर्मियों पर दर्ज हुआ प्रकरण

नवभारत न्यूज

**नईगढ़ी, 1 सितम्बर, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का सच उजागर करना जिले के पत्रकारों को महँगा पड़ गया है. नईगढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत दिखाने पहुंचे पत्रकारों को डॉक्टर साहब न केवल भड़क उठे, बल्कि पुलिस में शिकायत कर उन पर फर्जी मुकदमे भी दर्ज करा दिए.**

इस घटनाक्रम ने न सिर्फ प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है बल्कि चौथे स्तंभ की आवाज दबाने की गंभीर कोशिश को भी उजागर कर दिया है. मामला नईगढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है, जहाँ हालात इतने बदतर हैं कि गर्भवती महिलाएँ तीन-तीन दिन से आयरन की गोली और ड्रिप के लिए भटक रही हैं. मरीज घंटों इंतजार करते हैं, लेकिन डॉक्टर-नर्स नदारद रहते हैं. दवाइयाँ तक गायब हैं और अस्पताल का अधिकांश हिस्सा ताले और सन्नाटे में डूबा पड़ा है. इन्हीं अव्यवस्थाओं की तस्वीरें जब पत्रकारों के कैमरों में कैद हुईं तो अस्पताल में पदस्थ डॉ. पुष्पेंद्र मिश्रा बौखला गए. कैमरे के सामने ही उन्होंने हाथ पकड़कर अभद्र व्यवहार किया, गालियाँ दीं और खबर न चलाने की धमकी दी. लेकिन जब धमकी कारगर न हुई तो डॉक्टर ने पलटवार करते हुए उन्हीं पत्रकारों पर उल्टे फर्जी शिकायत दर्ज करा दी. स्थिति यह है कि सिस्टम की फाइलों में डॉक्टर, नर्स और दवाइयाँ मौजूद हैं, लेकिन जमीन पर अस्पताल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है. मरीज इलाज की आस लेकर आते हैं और लौटते हैं निराशा के साथ. इस पूरे मामले में पुलिस ने तीन अलग-अलग पत्रकारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है. सवाल यह है कि जब सच्चाई उजागर करने वालों पर ही कार्रवाई होगी तो अस्पताल की हकीकत कौन दिखाएगा?दरअसल, यह सिर्फ मऊगंज की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत है. सरकारी आंकड़े भले ही 'बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं' की तस्वीर पेश करें, लेकिन असलियत बदहाली, लापरवाही और भ्रष्टाचार से ज्यादा कुछ नहीं. बहरहाल, अब देखना यह होगा कि प्रशासन और शासन इस मामले को किस तरह लेता है. क्या पत्रकारों पर दर्ज हुए मुकदमे वापस होंगे? क्या डॉक्टर की गुंडागर्दी पर लगाम लगेगी? या फिर एक बार फिर सच्चाई दिखाने की सजा चौथे स्तंभ को ही भुगतनी पड़ेगी? इसके पहले भी मीडिया कर्मियों को निशाना बनाया जा चुका है. सत्ताधारी नेता भी कुछ बोलने को तैयार नही है.

# संजय गांधी अस्पताल के कैंसर यूनिट को डीप फ्रीजर किया दान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 सितम्बर, कामिनी श्रीवास्तव सेवा समिति ने समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए संजय गांधी मेमोरियल चिकित्सालय, रीवा के कैंसर यूनिट को एक डीप फ्रीजर प्रदान किया.**

समिति के इस सहयोग से अब कैंसर यूनिट में जीवनरक्षक दवाओं के सुरक्षित संरक्षण की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी. समिति के संरक्षक डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने चिकित्सालय के सामान्य भ्रमण के दौरान पाया कि डीप फ्रीजर के अभाव में कई दवाइयाँ खराब हो जाती हैं. इस



समस्या की जानकारी नर्स गीता मिश्रा एवं कैंसर यूनिट प्रभारी डॉ. अजीत मार्को द्वारा दी गई थी. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए समिति ने त्वरित निर्णय लेते हुए डीप फ्रीजर उपलब्ध कराया. आज आयोजित सादे कार्यक्रम में समिति के संरक्षक डॉ. एस. के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष सुशील खरे, कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, डॉ. विनोद श्रीवास्तव, डॉ. विजय श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव तथा भारती शर्मा उपस्थित रहे. कार्यक्रम में कैंसर यूनिट के इंचार्ज डॉ. अजीत कुमार मार्को, सुपर स्पेशलिटी के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव, नर्स गीता मिश्रा, नर्सिंग ऑफिसर पुष्कर सिंह, वीरेंद्र प्रसाद नापित एवं गौरव सामंत भी शामिल हुए. समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से डीप फ्रीजर की चाबी एवं संबंधित दस्तावेज डॉ अजीत मार्को एवं डॉ अक्षय श्रीवास्तव को सौंपे. इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुशील खरे ने कहा कि संस्था भविष्य में भी जनहित और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहयोग हेतु तत्पर रहेगी.